प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 14.05.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज नागौर और जोधपुर जिले के दौरे पर–मेडता सिटी में रावदूदा और जोधपुर में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों और पशुपालकों से जैविक खेती अपनाने और युवाओं से कृषि से जुडने का आह्वान किया।
- राज्य सरकार ने देर रात 187 आरएएस अधिकारियों के तबादले किये।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और हीटवेव का असर जारी–हालांकि सीकर, बाडमेर, बीकानेर और चूरू में तेज आंधी के साथ बारिश हुई।

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज नागौर और जोधपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे नागौर के मेडता सिटी में मेडता के संस्थापक रावदूदा की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। इनके अलावा केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, पंजाब के पूर्व राज्यपाल वी.पी सिंह बदनौर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रतिमा अनावरण के बाद जनसभा का भी कार्यक्रम है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री चारभुजा नाथ मंदिर और मीरा मंदिर दर्शन के लिये भी जायेंगे। इसके बाद वे जोधपुर पंहुचेंगे। वहां श्री सिंह रातानाडा चौराहे पर आयोजित पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेंगे। समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों और पशुपालकों से जैविक खेती अपनाने और रासायनिक खाद के प्रयोग से बचने की अपील की है। उन्होंने युवा पीढी से खेती और कृषि से जुडने के साथ स्थानीय पैदावार के अनुसार प्रोसेसिंग यूनिट्स लगाने को कहा है। मुख्यमंत्री कल जालौर के पंसेरी गांव में किसानों और पशुपालकों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया है, ताकि राजस्थान मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री विकसित ग्राम–वार्ड अभियान चलाकर प्रदेश की सभी पंचायतो के सुनियोजित विकास का ब्लू प्रिंट तैयार भी कर रही है। मुख्यमंत्री ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से भी संवाद किया। महिलाओं ने उनसे अपने अनुभव साझा किये। श्री शर्मा ने कहा कि राजीविका से जुडने के बाद राज्य की महिलाएं अत्मनिर्भर बनी है।

......

मुख्यमंत्री ने आज सुबह पंसेरी गांव का पैदल दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश में पेयजल और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पानी और बिजली आपूर्ति को लेकर आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में शिकायतें मिलने पर संबंधित जिला कलक्टर और विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि सभी जिला कलक्टर नियमित रूप से पानी–बिजली आपूर्ति को लेकर साप्ताहिक बैठकें कर मॉनिटरिंग करें और संबंधित शिकायतों का विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ तुरंत निराकरण करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के दौरान आमजन को राहत पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने पेट्रोल–डीजल बचत के लिए सभी अधिकारियों को वाहनों का कम से कम उपयोग करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कार पूलिंग व्यवस्था अपनाने के भी निर्देश दिए है।

ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की आज नई दिल्ली में बैठक होगी। वैश्विक नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कल नई दिल्ली में रूस, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और मालदीव के विदेशमंत्रियों से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने बताया कि सभी देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई और आपसी हित के बहुपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन व्यक्ति जयपुर से, एक गुरुग्राम से और एक व्यक्ति को नासिक से गिरफ्तार किया गया है। अन्य कई संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। सीबीआई ने कल इस सिलसिले में कई स्थानों पर छापे मारे और अनेक आपत्तिजनक सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। सीबीआई इस मामले में शुरुआती जांच करने वाले राजस्थान के विशेष कार्यबल के भी समन्वय में है।

राज्य सरकार ने देर रात राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 187 अधिकारियों के तबादले किये है। तबादला सूची में 70 से अधिक एसडीएम और 35 एडीएम, 8 जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और 16 विकास प्राधिकरण और नगरीय निकाय के अधिकारियों के तबादले किये है। साथ ही सचिवालय और संयुक्त सचिव स्तर के 15 तथा विभिन्न विभागों के 20 निदेशक और अतिरिक्त निदेशक इनमें शामिल है। तबादला सूची में बीकानेर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह को पंचायती राज विभाग में अतिरिक्त आयुक्त और संयुक्त शासन सचिव तृतीय के पद पर, बीकानेर के अतिरिक्त आयुक्त उपनिवेशन गोपाल राम बिरदा को जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर लगाया है। डॉ. ज्योति चौहान का राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के कार्यकारी निदेशक से चिकित्सा शिक्षा विभाग में संयुक्त शासन सचिव के पद पर तबादला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी से देश के करोड़ो किसानों को अपनी उपज के लिए उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा। कल हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि किसानों के हित में लिए गये इस फैसले से उनके जीवन में समृद्धि आयेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद–धोलेरा सेमी हाई स्पीड डबल लाइन परियोजना देश की रेल सम्पर्क यात्रा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोयला–लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की संवर्धन योजना से ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी, निवेश को बढावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार सृजित होगा।

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अमरीका के स्मिथसोनियन राष्ट्रीय एशियाई कला संग्रहालय से तीन भारतीय प्राचीन वस्तुओं की भारत वापसी हुई है। इसका उद्देश्य भारत की चोरी हुई सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित और संरक्षित करना है। नई दिल्ली में श्री शेखावत ने कहा कि देश की विरासत, जिसे अनैतिक तरीकों से देश से बाहर ले जाया गया था, अब वापस लाई जा रही है।

.....

प्रदेश में पश्चिमी इलाकों में पड रही भीषण गर्मी के बीच कल सीकर, बाड़मेर, बीकानेर और चूरू सहित कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई। चूरू में एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव के बावजूद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और हीटवेव का असर जारी रहा। कल प्रदेश के पांच शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। फलौदी प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान करीब 47 डिग्री और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में राज्य के दक्षिण–पश्चिमी और पूर्वी भागों में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं आगामी 48 घंटों के दौरान बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी इलाकों में कहीं–कहीं मेघगर्जन, 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी जताई गई है।